दैनिक जागरण 07/02/2026

एमबीए विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप के टिप्स दिए

अंबाला **विज्ञप्ति :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्रबंधन विभाग, करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग सेल, प्लेसमेंट सेल तथा बीकाम सेल्फ फाइनेंस विभाग ने एमबीए के उभरते रुझान एवं इंटर्नशिप प्राप्त करने पर एक करियर सेशन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हिट बुल्स आई के सहयोग से हुआ। मुख्य वक्ता दीपिका राठी ने विद्यार्थियों को एमबीए के नवीनतम ट्रेंड्स, करियर अवसरों और प्रभावी इंटर्नशिप प्राप्त करने के तरीकों पर जानकारी दी। कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया।